# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–28 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा के पवित्र जोड़ा साहिब का आज लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु महाराज के पावन चरण जहां भी पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र हो जाता है।

**हमारी परंपरा में यह मान्यता है कि जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।़ अर्थात गुरु वाणी में अंकित है कि जहाँ भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान राम राज्य की तरह पवित्र हो जाता है। और यह हम सभी का सौभाग्य है कि गुरु चरण यात्रा के दौरान हमें गुरु महाराज के पावन चरण पादुका और गुरु साहिबा के पावन चरण पादुका के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है**

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज वाराणसी के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण का जो कार्य शुरू किया है वह काफी अच्छा है। इससे जिन लोगों ने गलत कागजों के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा लिया था उनको बाहर किया जाएगा। विपक्षी पार्टियों को इस बात का दर्द है कि जिस प्रकार से फेक मतदाताओं का नाम जुड़वाने का कार्य किया गया था, वह फेक मतदाता अब नहीं रह जाएंगे। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

**********

लोकआस्था का चार दिवसीय पावन पर्व छठ आज भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। व्रती श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद वितरित किया और अपना व्रत पूर्ण किया। सूर्योपासना के पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोगों में भारी उत्साह रहा। आज तड़के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने, नदियों, सरोवरों और छठ पर्व के लिए बनाए गये अस्थायी पोखरो के किनारे उगते हुए भगवान सूर्य को नमन किया। इस दौरान जगह–जगह छठ पर्व से जुड़े पारम्परिक लोक गीत गाए गए। छठ महापर्व की रौनक पूर्वांचल में खासकर गोरखपुर, कुशीनगर, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, कानपुर, उन्नाव, चंदौली सहित अन्य जिलों में भी नजर आई।

**********

छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे आज लखनऊ मण्डल से नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त कुल 46 विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों लखनऊ, वाराणसी, बाराबंकी, अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, शाहगंज, रायबरेली और उन्नाव से होकर इन ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों के समय, मार्ग और ठहराव की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट और स्टेशन के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई जा रही है।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में 25 नवंबर को होने जा रहे भव्य ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने आज बैठक से पहले तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु राम लला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। मंदिर के शिखर पर फहराया जाने वाला ध्वज न केवल आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की पूर्णता का संदेश भी देगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ शुरू किए गए बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है। इसकी शुरूआत 22 सितंबर को हुई। आज हम जानकारी दे रहे हैं कि कैसे अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

**सरकार ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत, विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राहत प्रदान करके अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा दिया है। अब नए कर ढांचे के तहत, दूध, मक्खन, घी, दही, पनीर, शिशु आहार, डेयरी व्हाइटनर और चॉकलेट सहित कृषि तथा अन्य खाद्य वस्तुओं पर बडी राहत दी गई है। इस पहल के तहत जीएसटी को 12 प्रतिशत से कम कर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। प्रमुख उत्पादों पर इस कर राहत ने अधिकतम उत्पादन करने को प्रोत्साहित किया है, आजीविका का बढावा दिया है और अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है। सकलेन अख्तर, की रिपोर्ट के साथ निखिल कुमार आकाशवाणी समाचार।**

**********

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में कल रात से रूक रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तेज हवाओं और बारिश की वजह से लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास हुआ। मौसम विभाग ने आज से लेकर 31 अक्टूबर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**********